श्री मांजरीक मृणाल, माननीय स०वि०स० से प्राप्त तारांकित प्रश्न संख्या-18/2/1724 का उत्तर प्रतिवेदन

प्रश्न	उत्तर प्रतिवेदन
क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:- क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत शिवाजीनगर प्रखंड से गुजरने वाली करेह नदी के सिरसिया सिरनिया बायां तटबंध तथा हायाघाट कराचीन दायां तटबंध का उच्चीकरण एवं चौड़ीकरण के साथ सुदृढ़ीकरण कार्य कराये गये है । परन्तु सम्पूर्ण तटबंध पर ऑल वेदर रोड के निर्माण कराने के साथ तटबंध के किनारे वृक्षारोपण कार्य नहीं करने के कारण बांध कमजोर हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार करेह नदी के दोनों तटबंधों को सुरक्षित रखने के लिए सम्पूर्ण तटबंध पर कबतक ऑल वेदर रोड के निर्माण कराने के साथ तटबंध के दोनों किनारे वृक्षारोपण कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?	वस्तुस्थिति यह है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत सिरसिया से सिरनिया तक करेह नदी का बायां बांध सिरनिया फुहिया तटबंध का भाग है । करेह नदी पर निर्मित सिरनिया फुहिया एवं हायाघाट कराचीन तटबंध का उच्चीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य कराया गया है । सिरनिया फुहिया तटबंध के कि0मी0 0.00 से कि0मी0 73.44 तक विश्व बैंक सम्पोषित कार्य के तहत तटबंध पर कालीकरण कार्य कराया जाना प्रावधानित है । हायाघाट कराचीन तटबंध पर ब्रीक सोलिंग कार्य बाढ़ प्रबंधन योजना के तहत कराने हेतु विस्तृत योजना प्रतिवेदन गंगा बाढ़ नियंत्रण आयोग को समर्पित किया गया है । तटबंध के उपर एवं स्लोप पर वृक्षारोपण भारतीय मानक कोड के आलोक में तकनीकी रूप से उचित नहीं है ।

बिहार सरकार
जल संसाधन विभाग

ज्ञापांक–25/वि0स0प्र0(सम0)–05–55/2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– उप सचिव (प्रश्न विविध), बिहार विधान सभा सचिवालय, बिहार, पटना को अष्टदश बिहार विधान सभा के द्वितीय सत्र के लिये प्राप्त तारांकित प्रश्न सं0–18/2/1724 का उत्तर प्रतिवेदन (पाँच प्रति) सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

Desktop-R.M.F./2025/ Sec-25/memo

ज्ञापांक–25 / वि0स0प्र0(सम0)–05–55 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0स0प्र0(सम0)–05–55 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0स0प्र0(सम0)–05–55 / 2026– 918 पटना, दिनांक– 20/02/2026

प्रतिलिपि– कार्यपालक अभियंता, आई0 टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

19.02.26
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव
19.2.26

Desktop-R.M.F./2025/ Sec-25/memo